# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरूगन आज पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक, सांसद विधायक तथा जन प्रतिनिधियों के साथ भी होगा संवाद।
2. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजस्व संग्रहण, मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना कार्यक्रम और जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा विवाद को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, राज्य सरकार की सभी सेवाओं का एकीकृत एप्प तैयार करने का निर्देश।
3. नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड समेत 15 राज्यों की दिखेगी झांकी, रक्षा मंत्रालय ने 11 मंत्रालयों और विभागों की झांकियों का भी किया चयन।
4. राजधानी रांची के कांके स्थित रिनपास की जमीन पर बनेगा नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, राज्य सरकार ने 11 अरब रुपये की दी मंजूरी।
5. राज्य के कोल्हान समेत कई जिलों में आज हल्की बारिश के आसार, अगले दो दिनों तक आसमान में छाए रहेंगे बादल, सवेरे–शाम कोहरे का भी दिखेगा असर।

*******************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन पलामू के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन आज आकांक्षी जिला कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे इस क्षेत्र के सांसद, विधायक और अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ भी केंद्रीय योजनाओं को लेकर संवाद करेंगे। डॉक्टर मुरूगन हरिहरगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्ट्रॉबेरी की खेती तथा अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण करेंगे। इससे पहले कल पलामू आगमन पर सांसद वीडी राम और जिले के उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी सेवाओं के लिए एकीकृत ऐप्प तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वे कल राजस्व संग्रहण, 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारियों और जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा विवाद को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा विवाद को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

*******************

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड समेत आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल तथा ग्यारह मंत्रालय और विभागों की झांकियों को प्रदर्शन के लिए चुना गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस बार झांकी का विषय स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास है।

*******************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि राज्य के एक–एक किसान तक कृषि से संबंधित योजनाएं पहुंचनी चाहिए। कृषि मंत्री रांची में रबी फसल पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी के पास कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और उसके लाभुको की सही जानकारी नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

उधर, जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने बोकारो में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में चल रही योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए।

*******************

राजधानी रांची के कांके में नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बनेगा. रिनपास की लगभग पच्चीस एकड़ जमीन में बनने वाले इस मेडिकल कॉलेज के लिए राज्य सरकार ने ग्यारह अरब रुपए की मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि नेशनल मेडिकल काउंसिल के दिशा निर्देश तथा मानकों पर इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण ढ़ाई वर्ष में पूरा होगा।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करना कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही है। रांची में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकतंत्र और संविधान को कलंकित करने का काम किया है।

उधर, कांग्रेस द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई कथित टिप्पणी को लेकर आज सभी जिलों में अंबेडकर सम्मान मार्च निकलेगी। इस मामले में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने दुमका में भाजपा पर निशाना साधा ।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

*******************

राज्य के लोहरदगा, चतरा, गढ़वा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां समेत कई जिलों में आज हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों तक राज्य के ज्यादातर हिस्सों में हल्के बादल के साथ सुबह और शाम कोहरा छाया रहेगा।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- पंचायती राज विभाग की ओर से आज रांची में पेसा अधिनियम–1996 पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों के सम्मान में एक जनवरी को आय़ोजित होने वाली श्रद्धांजलि सभा की चल रही तैयारियों की समीक्षा की।
- झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटरमीडिएट परीक्षा–2025 के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख पच्चीस दिसंबर तक बढ़ा दी है। यह परीक्षा अगले वर्ष ग्यारह फरवरी से शुरू होगी।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अधिकारियों के साथ की गई उच्च स्तरीय बैठक की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री द्वारा अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के दिये गये निर्देश की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने गुजरात में आठ दिन के संघर्ष के बाद झारखंड की दस वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की मौत की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिंदुस्तान ने लिखा है—कांके में बनेगा नया मेडिकल कॉलेज ग्यारह अरब रुपये स्वीकृत।

***************